हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 30 अप्रैल 2026 समय 18:10

========================================

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में बेहतर और अनुकरणीय प्रथाओं तथा नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- श्री नड्डा ने कहा कि ये शिखर सम्मेलन प्रांतीय रणनीतियों का लाभ उठाकर एक मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में मददगार है।

- हरियाणा के नूंह जिले के दादू गांव में सरकारी नर्सिंग कॉलेज खुलने का मार्ग प्रशस्त हुआ

- केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि लगभग 43 हज़ार PNG उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से LPG कनेक्शन लौटाए।

- जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना का कार्य सम्पन्न हुआ, कल से मतदान सूचीकरण एवं गणना का कार्य शुरू होगा।

=====================================================
=

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों में बेहतर और अनुकरणीय प्रथाओं तथा नवाचारों पर 10वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह शिखर सम्मेलन कल सम्पन्न होगा। इस अवसर पर हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी उपस्थित रहीं।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि 'सर्वोत्तम प्रथाओं' पर आधारित यह 10वां शिखर

सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है; यह एक ऐसा स्थान है जहाँ हम अपनी रणनीतियों, नवाचारों और हमारे द्वारा शुरू की गई विभिन्न नई पहलों को साझा करते हैं। -

उन्होंने कहा कि यह पहल हजारों स्वास्थ्य कर्मियों को बहुत अधिक सुविधा प्रदान करने वाली है, जिनमें फील्ड स्टाफ से लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता और फ्रंटलाइन वर्कर शामिल हैं। इसके अलावा, यह लाभार्थियों को भी उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड को बनाए रखने में सहायता करेगी, चाहे वे गर्भवती माताएं हों या बच्चे।

श्री नड्डा ने कहा कि कि यह शिखर सम्मेलन प्रभावी ढंग से दर्शाता है कि कैसे प्रांतीय रणनीतियों का लाभ उठाकर एक मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा सकता है।

टी बी रोग के खात्मे पर बोलते हुए उन्होंने कहा -

श्री नड़्ड़ा ने कहा कि देश में संस्थागत प्रसव में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी सम्मेलन को संबोधित किया ।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्वास्थ्य से जुड़ी की गई विभिन्न पहलों और उपलब्धियों का जिक्र भी किया।

इस कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रधान सचिव, मिशन निदेशको, ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ नोडल अधिकारी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भागीदारी कर रहे है।

==========================================

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि नूंह जिले के गांव दादू में सरकारी नर्सिंग कॉलेज खुलेगा।यह स्थान नूंह जिले के तावडू खंड में स्थित है, जहां वर्तमान में नर्सिंग शिक्षा की भारी कमी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गांव द्वारा कालेज स्थापित करने के लिए प्रस्तावित की गई  पंचायती जमीन प्रशासनिक समिति की रिपोर्ट में वाज़िब पाई गई है।

उन्होंने बताया कि इस समय नूंह जिले में केवल एक नर्सिंग स्कूल संचालित है, जिसमें एएनएम  की मात्र 13 सीटें हैं। इस सीमित क्षमता को देखते हुए इस क्षेत्र में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की भारी आवश्यकता है और इसके लिए नर्सिंग शिक्षा के विस्तार की जरूरत है।उन्होंने बताया कि इस जिले में पहले से ही स्थित शहीद हसन खान मेवाती गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज है , ऐसे में प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज को इस मेडिकल कॉलेज से जोड़ा जा सकता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

सुश्री आरती सिंह राव ने बताया कि इस कॉलेज के बनने से नूंह की बड़ी आबादी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों से सीधे लाभान्वित होगी। उन्होंने  कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल से नूंह जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होने की उम्मीद है।

========================================

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव, सुजाता शर्मा ने कहा कि पूरे देश में LPG, पेट्रोल और डीज़ल की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी है।

आज नई दिल्ली में  अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू LPG आपूर्ति पूरी तरह से सुनिश्चित है और किसी भी वितरक को किसी भी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि लगभग 43 हज़ार उपभोक्ताओं ने स्वेच्छा से PNG के पक्ष में अपने LPG कनेक्शन सरेंडर कर दिए हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया

कि वे घबराकर खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

=============================================

केंद्र सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, और खरीफ 2026 सीज़न के लिए आपूर्ति मांग से ज़्यादा है।

आज नई दिल्ली में एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव, अपर्णा शर्मा ने कहा कि उर्वरकों का घरेलू उत्पादन 62 लाख 37 हजार मीट्रिक टन तक पहुँच गया है, जबकि आयात लगभग 15 लाख 39 हजार मीट्रिक टन है, जिससे मौजूदा समय में कुल उपलब्धता लगभग 78 लाख मीट्रिक टन हो गई है।

उन्होंने बताया कि 38 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 19 लाख मीट्रिक टन फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों की खरीद के लिए वैश्विक टेंडर जारी किए गए हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि देश में उर्वरक सुरक्षा मज़बूत, स्थिर और अच्छी तरह से प्रबंधित है।

=====================================================

देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों को जुटाने के लिए जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना करने का कार्य सम्पन्न हो गया है। अब एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। नागरिकों की सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय और विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

भिवानी में ज़िला योजना अधिकारी भागीरथ कौशिक ने बताया कि गणना कार्य के लिए भिवानी ज़िला में 2027 खंड बनाए गए हैं। एक खण्ड में 700 से 900 तक की जनसंख्या है, यानी करीब 150 से 200 मकान शामिल हैं।